University in News on 15 June 2022

University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष
100 Years 1920-2020

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

नैक के लिए मैनेजमेंट विभाग बनेगा मॉडल

लविवि ने सेल्फ एसेसमेंट रिपोर्ट के लिए शुरू की फील्ड विजिट की तैयारी, शुक्रवार को सभी विभागों के लिए प्रजेंटेशन

अक्षय कुमार

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय नैक मूल्यांकन के लिए अपनी सेल्फ एसेसमेंट रिपोर्ट (एसएसआर)स्वीकृत होने के बाद तेजी से फील्ड विजिट की तैयारी में लग गया है। विभाग खुद को नैक टीम के सामने कैसे प्रस्तुत करें, इसके लिए मैनेजमेंट विभाग खुद को एक मॉडल के रूप में विकसित करेगा। इसके बाद वह शुक्रवार को सभी को इसका एक प्रजेंटेशन देगा।

लविवि के मैनेजमेंट डिपार्टमेंट को चमकाया जा रहा है। उसके अनुपयोगी सामानों को बाहर किया जा रहा है।-अमर उजाला

जुलाई में नैक पियर टीम के संभावित भ्रमण के मद्देनजर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सभी डीन व हेड की बैठक कर दिशा-निर्देश दिए थे। उन्होंने बताया था कि विभागों को किस तरह अपनी तैयारी पूरी करनी है। हर विभाग को अपनी खासियत, अपने एलुमिनाई, अपने रिसर्च, उल्लेखनीय प्रोजेक्ट आदि को डिस्प्ले करना होगा। साथ ही इसका बेहतर तरीके से डॉक्यूमेंटेशन व पावर प्वॉइंट प्रजेंटेशन भी करना होगा। इसे देखते हुए उन्होंने किसी एक विभाग को मॉडल के रूप में प्रजेंट करने को कहा था, जिसकी जिम्मेदारी मैनेजमेंट विभाग ने ली है।

विभागाध्यक्ष डॉ. संजय मेधावी ने बताया कि हमने इस दिशा में काम शुरू कर दिया है। शुक्रवार को हम सभी हेड के सामने इसका प्रजेंटेशन देंगे कि उनको क्या, किस तरह करना है। उन्होंने बताया कि अगर हमने एसएसआर में यह दिया है कि हमारे यहां 60 पब्लिकेशन हैं तो उनकी हार्ड कॉपी उपलब्ध होनी चाहिए। वैसे भी विभाग में 2016 के बाद के पब्लिकेशन होने चाहिए। विभागों को अपनी वेबसाइट अपडेट करनी होगी। इस पर लिस्ट ऑफ रिसर्च स्कॉलर आदि अपडेट हो। अवॉर्ड की लिस्ट अपडेट हो। एलुमिनाई वॉल ऑफ फेम दिखनी चाहिए ताकि पता चले यहां के एलुमिनाई कौन हैं।

विभागों की होगी अपनी-अपनी वाई-फाई सुविधा

नैक टीम के भ्रमण के मद्देनजर यह भी सुझाव दिया गया कि केंद्रीकृत वाई-फाई व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावी न होने के कारण विभागों में अपनी-अपनी वाई-फाई की सुविधा विकसित करें।

विभागों को चमकाने की कवायद तेज

नैक टीम के मद्देनजर विभागों को चमकाने की कवायद तेज हो गई है। एमबीए में ही विभिन्न कमरों में लगी प्लास्टिक की कुर्सी-टेबल आदि को साफ किया जा रहा है। वहीं, विभागों के अनुपयोगी सामानों को निकाल कर केंद्रीय रूप से एक जगह एकत्र किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह, डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन आदि ने कई विभागों व कार्यालयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं।

संविधान की प्रतिकृति डिस्प्ले करेंगे

नैक पियर टीम की विजिट के मद्देनजर यह भी सुझाव दिया गया कि सेंट्रल लाइब्रेरी में रखी भारतीय संविधान की प्रतिकृति को डिस्प्ले किया जाए। इसे या तो प्रवेश द्वार पर डिस्प्ले किया जाए या आर्ट गैलरी में भी रखा जा सकता है।

परीक्षा में पकड़े सात नकलची

लखनऊ। लविवि की सेमेस्टर परीक्षाओं में लगातार दूसरे दिन आधा दर्जन से अधिक नकलची पकड़े गए। न्यू कैंपस में दूसरी पाली में एलएलबी चौथे सेमेस्टर की परीक्षा में सात नकलची पकड़े गए। इन सभी पर नकल अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। (माई सिटी रिपोर्टर)

बीकॉम तीसरे सेमेस्टर का परिणाम जारी

लखनऊ। लविवि ने लंबी कवायद के बाद मंगलवार को बीकॉम ऑनर्स तीसरे सेमेस्टर का परिणाम जारी कर दिया। इसकी परीक्षा फरवरी में हुई थी, लेकिन अभी तक परिणाम नहीं जारी हुआ था। इससे विद्यार्थी परेशान थे, क्योंकि इनकी अगले सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 जून से प्रस्तावित हैं। इसे लेकर अमर उजाला ने मंगलवार के अंक में 'तीन माह से अटका बीकॉम का परिणाम, सिर पर अगली परीक्षा' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। इसके बाद विवि प्रशासन ने इसका परिणाम जारी कर दिया। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि उक्त के साथ ही एमसीए कंप्यूटर साइंस पांचवें सेमेस्टर का भी परिणाम जारी कर दिया।

फिल्म निर्माण में कर सकेंगे इंटर्नशिप

लखनऊ। लविवि ने मंगलवार को निर्मला देवी अरुण कुमार ट्रस्ट के साथ एक एमओयू किया। इसके अनुसार अब विवि के विद्यार्थियों को शिक्षण-प्रशिक्षण के साथ फिल्म निर्माण के लिए प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, अभिनय, निर्देशन, संगीत-गायन व संपादन के अवसर मिलेंगे। एमओयू पर फिल्म अभिनेता गोविंदा के भाई व निर्माता-निर्देशक डॉ. कीर्ति कुमार व लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार ने हस्ताक्षर किए। (माई सिटी रिपोर्टर)

NBT PAGE 4

विश्व रक्तदाता दिवस | राजधानी के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में लगे शिविर, बड़ी संख्या में ब्लड डोनेट करने आगे आए लोग

तन-मन दोनों के लिए बेहतर है रक्तदान

■ एनबीटी सं., लखनऊ : रक्तदान दूसरों की मदद के साथ डोनर की सेहत के लिए भी बेहतर होता है। यह बात एलयू के वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने विश्व रक्तदाता दिवस पर राधा कमल मुखर्जी हॉल में आयोजित रक्तदान शिविर में कही। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना (एलयू समाज कार्य विभाग), बाल कल्याण परिषद और एकल युवा संस्थान ने संयुक्त रूप से किया था।

कार्यक्रम में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक भी किया। इस मौके पर पवन सिंह चौहान (एमएलसी), राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. रूपेश कुमार, 1090 की इंचार्ज रुचिता चौधरी (आईपीएस), प्रो. अनूप कुमार भारतीय, डॉ. पूनम टण्डन, प्रो. राजीव मनोहर, प्रो. ओपी शुक्ला, प्रो. महेंद्र अग्निहोत्री व डॉ. दुर्गेश त्रिपाठी, प्रो. गुरनाम मौजूद रहे।

विश्व रक्तदाता दिवस पर लखनऊ विवि में आयोजित शिविर में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के साथ ही कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने विद्यार्थियों को किया जागरूक।

बिना डोनर दिया गया खून : रक्तदान दिवस पर सिविल अस्पताल में प्रमुख सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद व एनएचएम निदेशक अपर्णा उपाध्याय की मौजूदगी में आयोजित शिविर में 70 लोगों ने रक्तदान किया। डायरेक्टर आनंद ओझा व सीएमएस आरपी सिंह ने युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक किया। वहीं लोहिया में बुधवार तक बिना डोनर के खून देने की व्यवस्था भी शुरू हुई। पहले दिन को 63 लोगों को बिना डोनर के खून मुहैया करवाया गया। इस दौरान 72 लोगों ने रक्तदान भी किया।

रक्तदान से नहीं कोई नुकसान : उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ की तरफ से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें प्रांतीय कोषाध्यक्ष संजय कुमार कनौजिया के साथ ही अनिल कुमार, व्रज कुमार, उमेश मौर्या ने रक्तदान करने के साथ लोगों को जागरूक किया। बताया गया कि रक्तदान से कोई नुकसान नहीं होता, बल्कि कई फायदे होते हैं।

बीपी, शुगर अनियंत्रित तो न करें रक्तदान : 18 से 65 साल तक आयुवर्ग के लोग रक्तदान कर सकते हैं। हालांकि दिल, किडनी, कैंसर या ऑटोइम्यून डिजीज समेत बीपी, शुगर के मरीजों को इससे बचना चाहिए। रक्तदान से पहले डॉक्टर को अपनी बीमारी व दवाओं की जानकारी जरूर देनी चाहिए। इससे डोनर के साथ ही मरीज दोनों सुरक्षित रहेंगे। यह बात मेदांता के डॉ. आशीष तिवारी ने मंगलवार को रक्तदाता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। इस मौके पर कई रक्तदाओं को सम्मानित भी किया गया।

41वीं बार खून देकर डॉ. राजीव बने महादानी

■ एनबीटी, चौक : विश्व रक्तदाता दिवस पर मंगलवार को जीवन रक्षक सेवा संस्थान ने ठाकुरगंज स्थित कल्याणगिरी मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। संस्थान के सचिव डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने 41वीं रक्तदान करने के साथ ही लोगों को ब्लड डोनेट करने के लिए जागरूक भी किया। इस मौके पर कमल अग्रवाल, जयनाथ शुक्ला, ध्रुव मौर्या, गौरव गुप्ता, अथर्व चौरसिया सहित बीस लोगों ने रक्तदान किया। आयोजन में डॉ. लक्ष्मी निगम, डॉ. वेद प्रकाश, दर्शना यादव सहित अन्य ने सहयोग दिया।

HINDUSTAN PAGE 8

केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया से जुड़े एडेड कॉलेज

80 सेल्फ फाइनेंस कॉलेज अभी तक जुड़े हैं इस प्रक्रिया से | **20** स्नातक और पीजी में आवेदन की अन्तिम तिथि 30 जून है

■ महिला गर्ल्स डिग्री और एपीसेन गर्ल्स डिग्री कॉलेज एलयू के साथ
■ केन्द्रीकृत प्रक्रिया से अभी तक सेल्फ फाइनेंस कॉलेज जुड़े थे

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय की केन्द्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया से पहली बार एडेड महाविद्यालय जुड़े हैं। अभी तक सिर्फ सेल्फ फाइनेंस कॉलेज ही एलयू की केन्द्रीकृत प्रवेश प्रकिया से जुड़े थे। लखनऊ विश्वविद्यालय में पिछले तीन वर्षों से केन्द्रीकृत प्रवेश प्रकिया के तहत प्रवेश हो रहे हैं। जिसमें सत्र 2022-23 के लिए 80 सेल्फ फाइनेंस कॉलेज अभी तक जुड़े हैं।

विश्वविद्यालय ने केन्द्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ने के लिए सभी महाविद्यालयों को पत्र भेजा था। अधिकांश एडेड कॉलेजों ने रुचि नहीं दिखायी और वे अपनी प्रवेश प्रक्रिया के तहत ही प्रवेश ले रहे हैं। अब लखनऊ के तीन एडेड कॉलेजों ने एलयू की प्रवेश प्रक्रिया के साथ जुड़ अपनी सीटें भरने में रुचि दिखायी है। जिसमें महिला डिग्री कॉलेज और एपीसेन गर्ल्स डिग्री कॉलेज भी शामिल हो गए हैं। वहीं नवयुग गर्ल्स डिग्री कॉलेज के शामिल होने पर सहमति नहीं बनी। एलयू में स्नातक के लिए प्रवेश की अन्तिम तिथि 20 जून, पीजी में आवेदन की अन्तिम तिथि 30 है।

खाली सीटों पर सीधे प्रवेश लेगा लखनऊविवि

एलयू के एडमिशन कोऑर्डिनेटर प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि एपी सेन गर्ल्स डिग्री कॉलेज और महिला डिग्री कॉलेज केन्द्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ गए हैं। प्रवेश प्रक्रिया से जुड़े सभी कॉलेजों को काउसिलिंग से दो दिन पूर्व खाली सीटों का विवरण विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना होगा।

एलयू के कुलपति ने सफाई रखने को कहा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने मंगलवार को अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, संस्कृत और मानव शास्त्र विभाग का निरीक्षण किया। कुलपति ने कॉलेज द्वारा संचालित किए जा रहे ई-रिक्शा से विभाग तक रास्ता तय किया। बेहतर साफ-सफाई के निर्देश दिए।

बीकॉम ऑनर्स सेमेस्टर के परिणाम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के बीकॉम आनर्स तीसरे सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का परिणाम का इंतजार मंगलवार को खत्म हुआ। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि बीकॉम आनर्स (कामर्स) तीसरे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम, और एमसीए कम्पयूटर एप्लीकेशन का परिणाम जारी कर दिया गया है।

फिल्म निर्माता, कुलपति ने एमओयू साइन किया

लखनऊ। निर्मला देवी अरुण कुमार ट्रस्ट एवं लखनऊ विवि ने मंगलवार को समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। जिसके आधार पर शिक्षण-प्रशिक्षण, फिल्म निर्माण के सभी आयामों पर प्रशिक्षुता (इंटर्नशिप), अभिनय, निर्देशन, संगीत-गायन व संपादन में सहयोग के द्वार खुलेंगे।

JAGRAN CITY PAGE III

लवि में पोस्टर प्रतियोगिता

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार को संत कबीर दास की जयंती पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं कबीर-वाणी संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय एवं विभिन्न कालेजों के 45 विद्यार्थी शामिल हुए। निर्माता-निर्देशक कीर्ति कुमार भी कबीर-वाणी संध्या में उपस्थित रहे। प्रो. मनुका खन्ना ने पुरस्कार विजेताओं की घोषणा की। इस अवसर पर प्रो. राकेश चंद्रा, प्रो. अनिल मिश्रा एवं डा. प्रशांत शुक्ला शोधछात्र उपस्थित रहे। (जासं)

i-NEXT PAGE 4

कीर्ति कुमार देंगे फिल्म निर्माण की ट्रेनिंग

डॉ. कीर्ति कुमार और वीसी प्रो. आलोक कुमार राय.

एलयू और निर्मला देवी अरुण कुमार ट्रस्ट के बीच एमओयू

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (14 June): निर्मला देवी अरुण कुमार ट्रस्ट व लखनऊ यूनिवर्सिटी ने मंगलवार को एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए, जिसके आधार पर शिक्षण-प्रशिक्षण, फिल्म निर्माण के सभी आयामों पर ट्रेनिंग, इंटर्नशिप, अभिनय, निर्देशन, संगीत-गायन व संपादन पर सहयोग के द्वार खुल गए हैं. यूनिवर्सिटी की ओर से वीसी प्रो. आलोक कुमार राय और ट्रस्ट की ओर से फिल्म निर्माता और निर्देशक डॉ. कीर्ति कुमार एमओयू पर हस्ताक्षर किए. प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि यूनिवर्सिटी के छात्रों को फिल्म निर्माता-निर्देशक के साथ प्रशिक्षुता मिल सके और छात्र फिल्म की बारिकियों को सीख सके, इस दिशा में एमओयू साइन किया गया है. जुलाई माह के पहले सप्ताह से फिल्म समीक्षा पर एक लघु सेशन चलाया जायेगा. डॉ. कीर्ति कुमार ने इससे पहले मूल्यपरक सिनेमा पर परिसर में एक व्याख्यान भी दिया.

लखनऊ यूनिवर्सिटी में 60 ने किया ब्लड डोनेट

कार्यक्रम का शुभारंभ जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह व वीसी प्रो. आलोक राय ने किया

LUCKNOW (14 June, inext): विश्व रक्तदाता दिवस पर लखनऊ यूनिवर्सिटी के समाज कार्य विभाग की ओर से राधा कमल मुखर्जी हाल में ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया गया. कैम्प में हीमोग्लोबिन एवं ब्लड ग्रुप की जांच करते हुए लोगों ने ब्लड डोनेट किया. कार्यक्रम का शुभारंभ जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, एमएलसी पवन सिंह चौहान एमएलसी व वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने किया. स्वतंत्र देव ने युवाओं को समाज सेवा के लिए प्रोत्साहित कर रक्तदान जैसे महादान को व्यापक स्तर पर आयोजित करवाने का आह्वान किया. समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने बताया कि 123 लोगों ने ब्लड डोनेशन के लिए रजिस्ट्रेशन पंजीकरण कराया था. इनमें से 60 लोग ब्लड डोनेट के लिए योग्य पाए गए. इन्हें प्रमाण पत्र भी दिया गया. कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन, डॉ. ओपी शुक्ला, डॉ. महेंद्र अग्निहोत्री सहित अन्य लोग उपस्थित रहे.

छात्रों-शिक्षकों ने ब्लड डोनेशन की ली शपथ

विश्व रक्तदाता दिवस पर बीबीएयू के शिक्षक और छात्रों ने भी ब्लड डोनेशन की शपथ ली. स्टूडेंट्स को ब्लड डोनेशन के लिए जागरूक करने एवं ब्लड डोनेशन से जुड़े फायदे बताने के लिए कार्यक्रम का आयोजन हुआ. यूनिवर्सिटी में हुए कार्यक्रम में समिति की अध्यक्ष प्रो. शिल्पी वर्मा ने स्टूडेंट्स, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को ब्लड डोनेशन की शपथ दिलाई.

JAGRAN CITY PAGE III

एलएलबी में भी विद्यार्थी पढ़ सकेंगे विदेशी भाषाएं

लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय ने पहली बार एलएलबी तीन व पांच वर्षीय पाठ्यक्रम में शामिल किया

अखिल सक्सेना ● लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय से एलएलबी की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी अब अपने कोर्स के साथ-साथ जर्मन, फ्रेंच जैसी विदेशी भाषाओं की भी शिक्षा ले सकेंगे। इसके लिए विश्वविद्यालय के विधि संकाय ने नई शिक्षा नीति को ध्यान में रखते हुए एलएलबी तीन व पांच वर्षीय पाठ्यक्रम के तीसरे सेमेस्टर में इसे शामिल किया है। इन दोनों भाषाओं के साथ हिंदी व संस्कृत को भी इलेक्टिव पेपर के रूप में जोड़ा गया है। इनमें से कोई एक भाषा अनिवार्य रूप से पढ़नी होगी।

लवि से राजधानी सहित हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी व रायबरेली से करीब 38 विधि पाठ्यक्रम के महाविद्यालय सम्बद्ध हैं। अभी तक विश्वविद्यालय में विदेशी भाषा की पढ़ाई के लिए अलग से डिप्लोमा कोर्स संचालित हैं, लेकिन विधि संकाय ने पहली बार एलएलबी तीन और पांच वर्षीय पाठ्यक्रम के तीसरे सेमेस्टर में चार भाषाओं को इलेक्टिव पेपर के रूप में जोड़ा है। विदेश में आगे की पढ़ाई की इच्छा रखने वाले छात्र-छात्राओं को इन भाषाओं से काफी मदद मिलेगी। अधिष्ठाता विधि संकाय प्रो. सीपी सिंह ने बताया कि यदि किसी कालेज में जर्मन व फ्रेंच भाषा के शिक्षक नहीं होंगे तो वहां के विद्यार्थी हिंदी और संस्कृत में भी ले सकते है।

विशेषज्ञता के लिए चुनना होगा विकल्प : एलएलबी पांच वर्षीय पाठ्यक्रम के सातवें और आठवें सेमेस्टर में इलेक्टिव पेपर के रूप में कांस्टीट्यूशनल, क्रिमिनल ला और बिजनेस ला में से कोई एक ग्रुप लेना होगा। इस पेपर से छात्र-छात्राएं जिस क्षेत्र में विशेषज्ञता रखना चाहते हैं, वह ले सकते हैं।

लागू होगा सीबीसीएस सिस्टम : नई शिक्षा नीति के तहत नए सत्र से एलएलबी में सीबीसीएस (च्वाइस बेस क्रेडिट सिस्टम) लागू हो जाएगा। इसमें विद्यार्थियों को ग्रेड मिलेगा। विधि संकाय अध्यक्ष ने बताया कि अभी तक स्नातक के पाठ्यक्रम के अनुसार पुराने पैटर्न पर व्यवस्था चल रही है। नए सत्र से एलएलबी के पैटर्न में बदलाव होगा। इसके अलावा एलएलबी तीन व पांच वर्षीय पाठ्यक्रम के तीसरे, पांचवें, सातवें, 9वें सेमेस्टर में एक-एक महीने की इंटर्नशिप की सुविधा दी जाएगी। इसके अंक भी दिए जाएंगे। 10वें सेमेस्टर में पीएचडी की तर्ज पर टापिक दिया जाएगा।

लवि में 60 लोगों ने किया रक्तदान

लखनऊ विश्वविद्यालय के राधा कमल मुखर्जी सभागार में लगे शिविर में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने रक्तदान करने वालों को प्रमाणपत्र दिया ● सौजन्य लवि

विश्व रक्तदाता दिवस पर लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग की ओर से राधा कमल मुखर्जी हाल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 60 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, एमएलसी पवन सिंह चौहान एमएलसी व कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया।

विद्यार्थी भी सीखेंगे अभिनय

लखनऊ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को अब प्रशिक्षण, फिल्म निर्माण के सभी आयामों पर प्रशिक्षुता (इंटर्नशिप), अभिनय, निर्देशन, संगीत-गायन व संपादन का मौका मिलेगा। इसके लिए मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और निर्मला देवी अरुण कुमार ट्रस्ट के प्रतिनिधि एवं फिल्म निर्माता डा. कीर्ति कुमार ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। अभिनेता गोविंदा के भाई डा. कीर्ति कुमार मुंबई के एक प्रख्यात निर्माता, निर्देशक, अभिनेता रहे हैं। वह फिल्म संस्थान के संकाय सदस्य भी हैं। उन्होंने हत्या, राधा का संगम, नसीब व हास्य- विनोद से परिपूर्ण आंटी नंबर वन सहित कई फिल्मों का निर्माण किया है। एमओयू से पहले डा. कीर्ति ने 'मूल्यपरक सिनेमा' पर परिसर मे व्याख्यान भी दिया।

बीकाम आनर्स तीसरे सेमेस्टर का परिणाम लवि ने किया जारी

खबर का असर

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) ने आखिरकार मंगलवार को बीकाम आनर्स तीसरे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया। वहीं, पांचवें सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम अभी आना शेष है।

दैनिक जागरण ने 14 जून के अंक में 'बीकाम आनर्स तीसरे व पांचवें सेमेस्टर के परिणम अब तक नहीं' शीर्षक से खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिसके बाद शाम को परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने तीसरे सेमेस्टर का परिणाम जारी कर दिया। इसके साथ ही एमसीए कंप्यूटर एप्लीकेशन छठे सेमेस्टर के नतीजे भी घोषित कर दिए गए हैं। छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट और पर परिणाम देख सकते हैं। 18 से 25 फरवरी तक बीकाम आनर्स तीसरे व पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं हुई थीं, अब तक नतीजे नहीं जारी किए गए। इन विद्यार्थियों के चौथे और छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 23 जून से शुरू होनी हैं। इसको लेकर 700 से ज्यादा विद्यार्थी परेशान थे। अब बीकाम आनर्स पांचवें सेमेस्टर के साथ-साथ स्नातक प्रथम सेमेस्टर के परिणाम जारी करने की मांग की गई है।

कुलपति ने दिए व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में नैक मूल्यांकन को लेकर तैयारियां जोरों पर है। नैक टीम के कैंपस में आने से पहले सभी कमियां दूर की जा रही हैं। मंगलवार को इसी सिलसिले में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने दोपहर 12.30 से 2.30 बजे तक इंग्लिश, इकोनामिक्स, संस्कृत, एंथ्रोपोलाजी व परीक्षा सेल का निरीक्षण किया। उनके साथ कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह भी थे। उन्होंने बताया कि सभी जगह सफाई के निर्देश दिए गए हैं। स्टाक इंट्री को दुरुस्त करने सहित सभी व्यवस्थाएं ठीक करने के लिए भी कहा गया है।

एलएलबी की परीक्षा में पकड़े गए सात परीक्षार्थी : लखनऊ विश्वविद्यालय में उड़ाका दलों की सख्ती के बाद भी एलएलबी की परीक्षाओं में नकल जारी है। मंगलवार को उड़ाका दल ने विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित विधि संकाय केंद्र पर दोपहर की पाली में एलएलबी चौथे सेमेस्टर के सात परीक्षार्थियों को नकल करते पकड़ा। इनमें तीन छात्रों के पास नकल पर्ची मिली। दो छात्रों ने प्रश्न पत्र पर उत्तर लिख रखा था। दो अन्य छात्रों ने अपने हाथ पर नकल सामग्री लिखी हुई थी। पकड़े गए सभी परीक्षार्थियों के खिलाफ अनुचित साधन का प्रयोग करने के आरोप में कार्रवाई की गई।

बीएससी पांचवें सेमेस्टर के नतीजों में सुधार न होने का विरोध

लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से जारी बीएससी पांचवें सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी 10 दिन बाद भी नहीं सुधर पाई है। मंगलवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआइ) के नेतृत्व में कई छात्र-छात्राएं अपनी समस्या लेकर परीक्षा नियंत्रक के पास पहुंचे, लेकिन उनसे कहा गया कि सूचना के अधिकार के तहत कापी देख सकते हैं, जिसका उन्होंने विरोध किया। यहां से एनएसयूआइ के पदाधिकारी कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय से मिलने पहुंचे। उन्हें आश्वासन मिला कि जिन छात्रों के परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी हुई हैं उनकी स्पेशल बैक की परीक्षा होगी। साथ ही जल्द परिणाम भी जारी किया जाएगा।

जून के पहले सप्ताह में विश्वविद्यालय ने बीएससी पांचवें सेमेस्टर के परिणाम जारी किए थे। विद्यार्थियों का आरोप है कि उनकी कापी गलत तरीके से चेक की गई है। किसी को आर्गेनिक केमिस्ट्री में 80 में दो तो किसी को आठ और 10 नंबर मिले हैं। छात्राओं का कहना है कि रिजल्ट में सुधार न होने से परास्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना मुश्किल हो रहा है। एनएसयूआइ के महासचिव आर्यन मिश्रा का कहना है कि अब कुलपति ने आश्वासन दिया है। ज्ञापन देने वालों में आशुतोष मिश्रा एवं हर्षित द्विवेदी भी शामिल रहे।

PIONEER PAGE 3

छात्र सीखेंगे अभिनय और निर्देशन के गुर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के स्टूडेंट्स अब पढ़ाई के साथ फिल्म अभिनय से लेकर गीत-संगीत और निर्देशन के गुर भी सीख सकेंगे। इसके लिए विश्वविद्यालय की तरफ से मंगलवार को फिल्म अभिनेता गोविंदा के भाई डॉ कीर्ति कुमार के साथ एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर किया गया है। यह अनुबंध डॉ कीर्ति कुमार की माता के नाम पर स्थापित निर्मला देवी अरुण कुमार ट्रस्ट के साथ हुआ है।

विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति को करीब करीब सभी पाठ्यक्रमों में लागू कर दिया गया है। इसमें छात्रों को अपनी मूल पढ़ाई के साथ ही अन्य विधा में इंटर्नशिप करने और अन्य विधा के शर्ट टर्म कोर्स करने का प्राविधान है। इसके मद्देनजर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने निर्मला देवी अरुण कुमार ट्रस्ट के साथ मैमोरेंडम ऑफअंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किया। इस अनुबंध के बाद ट्रस्ट के साथ

शिक्षण-प्रशिक्षण, फिल्म निर्माण के सभी आयामों पर प्रशिक्षण, अभिनय, निर्देशन, संगीत-गायन व संपादन पर सहयोग के द्वार खुल गए हैं। ट्रस्ट के संचालक डॉ कीर्ति कुमार मुंबई के एक प्रख्यात निर्माता, निर्देशक, अभिनेता रहे हैं, जो कि फिल्म संस्थान के संकाय सदस्य भी हैं। इन्होंने भारतीय सिनेमा के लिए अत्यंत चर्चित फिल्म जैसे कि हत्या, राधा का संगम, नसीब व हास्य-विनोद से परिपूर्ण आंटी नम्बर वन इत्यादि का निर्माण किया।

जुलाई में चलेगा फिल्म समीक्षा पर एक लघु सेशन

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि कुलपति प्रो आलोक कुमार राय के साथ कई दौर की वार्ता के बाद यह निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय के छात्रों को प्रख्यात निर्माता, निर्देशक के साथ प्रशिक्षुता मिले। इसके लिए जुलाई माह के प्रथम सप्ताह से फिल्म-समीक्षा पर एक लघु सेशन चलाया जायेगा।

विश्व रक्तदान दिवस पर एलयू में रक्तदान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

विश्व रक्तदान दिवस पर मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग के राधा कमल मुखर्जी हाल में एकल अभियान के अंतर्गत एकल फ्यूचर एवं एकल युवा के तत्वावधान में मेडवेदिक हेल्थटेक एवं लखनऊ विश्वविद्यालय से समाज कार्य विभाग हेल्थ सिटी, राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हीमोग्लोबिन एवं ब्लड ग्रुप की जाँच करते हुए लोगों ने रक्दान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जल संसाधन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, पवन सिंह चौहान एमएलसीए सीतापुर एवं कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने दीप प्रज्वलन कर किया। अपने सम्बोधन में मंत्री ने युवाओं को समाज सेवा हेतु प्रोत्साहित कर रक्तदान जैसे महादान को व्यापक स्तर पर आयोजित करवाने का आह्वान किया। रक्तदान शिविर लगभग 200 लोगों अपनी सहभागिता की। जिसमें से करीब 123 लोगों ने रक्दान हेतु पंजीकरण कराया। 123 लोगों में से 60 स्वस्थ्य लोग रक्दान हेतु योग्य पाये गए। रक्दान शिविर में वीमेन हेल्पलाइन 1090 की इंचार्ज रुचिता चौधरी ने कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों को समझने की जरुरत है। रुचिता ने रक्तदान करने वालो को प्रमाण पत्र देकर के अभिनन्दन किया।

दिलाई गयी शपथ

वर्ल्ड डोनर्स डे के अवसर पर बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय में आज शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को रक्तदान के लिए जागरूक करने एवं उन्हें रक्तदान से जुड़े फायदों से अवगत कराने के लिए आज इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समिति की अध्यक्ष प्रो शिल्पी वर्मा विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को रक्तदान की शपथ दिलाई।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

एकल युवा शिविर में 150 ने किया रक्तदान



लखनऊ। एकल युवा व वाल कल्याण परिषद द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन विश्व रक्तदान दिवस व जेठ के पाचवें व आखिरी वडे मंगल पर आरके मुखर्जी हाल लखनऊ विश्वविद्यालय मे किया गया। शिविर का उद्घाटन जल संचार मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने किया। इस अवसर पर पवन सिंह चौहान जी एमएलसी सीतापुर, आईपीएस रुचिता भी उपस्थिति रही। विश्वविद्यालय परिवार की तरफ सभी अतिथियों का स्वागत कुलपति द्वारा किया गया। आशीष अग्रवाल ने वताया कि शिविर मे लगभग 150 लोगों ने रक्तदान किया।

AMRIT VICHAR PAGE 5

पढ़ाई के साथ अब फिल्मी करियर का मौका

अमृत विचार, लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र अब पढ़ाई के साथ फिल्म अभिनय से लेकर गीत-संगीत और निर्देशन की विधा सीख सकेंगे। इसके लिए विश्वविद्यालय ने अभिनेता गोविंदा के भाई डॉ. कीर्ति कुमार के साथ ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (मैमोरेंडम ऑफ अंडरस्टेंडिंग) पर हस्ताक्षर किया। यह समझौता डॉ. कीर्ति के निर्मला देवी अरुण कुमार ट्रस्ट के साथ हुआ है। विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति को सभी पाठ्यक्रमों में लागू कर दिया गया है।

इसमें छात्रों को अपनी मूल पढ़ाई के साथ ही अन्य विधा में इंटर्नशिप करने और अन्य विधा के शर्ट टर्म कोर्स करने का प्राविधान है। इसके मद्देनजर विश्वविद्यालय ने मंगलवार को निर्मला देवी अरुण कुमार ट्रस्ट के साथ मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टेंडिंग पर हस्ताक्षर किया। जिसके आधार पर ट्रस्ट के साथ शिक्षण-प्रशिक्षण, फिल्म निर्माण के सभी आयामों पर प्रशिक्षुता (इंटर्नशिप), अभिनय, निर्देशन, संगीत-गायन व संपादन पर सहयोग के द्वार खुल गए हैं।

SWATANTRA BHARAT PAGE 5

जल संसाधन मंत्री एवं लविवि कुलपति ने किया रक्तदान शिविर का शुभारम्भ

स्वतंत्र भारत, संवाददाता, लखनऊ। राष्ट्रीय सेवा योजना लखनऊ [illegible]

लविवि में मनाई गई संत कबीर दास की जयंती

[illegible]

TOI PAGE 2

'Kabir's message relevant in present era'

Times News Network

Lucknow: Several programmes were organised in the state capital on the birth anniversary of Kabir Das on Tuesday. The events emphasized on the need to follow the teachings of the bhakti-era poet and saint on social and communal harmony in contemporary India.

A symposium was organized by Akhil Bhartiya Bhojpuri Samaj

A symposium on the life of Kabir was organized by the Akhil Bhartiya Bhojpuri Samaj at Vishveshwarya Auditorium. It was followed by songs presented by the Kabir Panthis and a poet meet.

Later, participants were felicitated.

State Ayush minister (independent charge) Dayashankar Mishra and BJP youth leader Neeraj Singh were present in the programme.

A poster making and 'Kabir Vaani' singing competition was organised by the Sanskritiki and Kavyom Clubs of the Lucknow University.

Various verses written by Kabir were sung during a special diwan organised at gurudwara Naka Hindola. Gyani Harvinder Singh shared some interesting facts from the life of Kabir.

LU students to learn filmmaking

The students of Lucknow University will soon be able to learn various aspects of film making and get training and internship with the Nirmala Devi Arun Kumar Trust run by actor and director Kirti Kumar. An MoU was signed by VC Alok Kumar Rai and Kirti Kumar on Tuesday under the National Education Policy. TNN